# गुना जिला





नवभारत
भोपाल, सोमवार 9 फरवरी, 2026

**एक नजर में**

## लोगों का दिन में धूप चटका रही पसीना, रात में सर्दी बरकरार

**गुना।** जिले में मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है, जहाँ दिन और रात के तापमान में भारी अंतर देखा जा रहा है। पिछले 48 घंटों के भीतर दिन के तापमान में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है। शुक्रवार को जो अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस था, वह रविवार तक 28 डिग्री सेल्सियस के आंकड़े को पार कर गया है। दोपहर के समय तेज धूप के चलते अब लोगों को हल्की गर्मी का अहसास होने लगा है। दिन में पारा चढ़ने के बावजूद रात के समय सर्दी का असर कम नहीं हुआ है। न्यूनतम तापमान फिलहाल 11 से 12 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है, जिसके कारण देर शाम और अलसुबह ठंड का अहसास बना रहता है। मौसम में आ रहे इस उतार-चढ़ाव (दिन में गर्मी और रात में ठंड) के कारण स्वास्थ्य विशेषज्ञ सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं, क्योंकि तापमान का यह बड़ा अंतर मौसमी बीमारियों का कारण बन सकता है।

# आर-पार के मूड में शिक्षक, आज से ई-अटेंडेंस बंद

## खटकिया से जिलेभर के शिक्षकों ने गुना तक रैली निकाली, सरकार पर लगाया भेदभाव का आरोप

**नवभारत न्यूज**

**गुना 8 फर. का। पुरानी पेंशन योजना लागू करने और ई-अटेंडेंस की अनिवार्यता को समाप्त करने जैसी 21 सूत्रीय मांगों को लेकर आजाद अध्यापक संघ ने प्रदेशव्यापी विरोध प्रदर्शन के तहत मोर्चा खोल दिया है, वह आर-पार की लड़ाई के मूड में दिख रहे हैं। अध्यापक संवर्ग ने दो टूक ऐलान किया है कि वे सोमवार को ई-अटेंडेंस के माध्यम से अपनी हाजिरी दर्ज नहीं कराएंगे।**



इस आंदोलन के अंतर्गत जिले भर के अध्यापकों चांचौड़ा ब्लॉक के खटकिया से एक विशाल मोटरसाइकिल रैली निकाली, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए जिला मुख्यालय गुना पहुंची। कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंचकर शिक्षकों ने अपनी एकजुटता का परिचय दिया और मुख्यमंत्री के नाम एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। रैली का नेतृत्व कर रहे कृष्णगोपाल टेलर ने प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी देते हुए ऐलान किया कि शिक्षक सोमवार से ई-अटेंडेंस नहीं लगाएंगे। शिक्षकों का तर्क है कि विभाग की यह व्यवस्था भेदभावपूर्ण है। उन्होंने मांग की है कि ई-अटेंडेंस का नियम या तो शिक्षा विभाग के सभी छोटे-बड़े कर्मचारियों और अधिकारियों पर समान रूप से लागू किया जाए, अन्यथा शिक्षकों को भी इस बाध्यता से मुक्त रखा जाए। इस संबंध में संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष पहले ही राज्य सरकार को अपनी आपत्ति और भावी रणनीति से अवगत करा चुके हैं। शिक्षकों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में केवल ई-अटेंडेंस ही नहीं, बल्कि शिक्षकों की क्रमोन्नति, समयमान वेतनमान, पेंशन ग्रेच्युटी के लाभ और विभाग में लंबे समय से रिक्त पड़े पदों को भरने जैसी महत्वपूर्ण मांगें भी शामिल हैं। शिक्षकों ने दो टूक शब्दों में कहा है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र विचार नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। फिलहाल, शिक्षकों द्वारा सोमवार से ऑनलाइन हाजिरी के बहिष्कार के ऐलान ने विभाग के सामने नई चुनौती खड़ी कर दी है।

**ई-अटेंडेंस नहीं लगाई तो क्या होगा?**

शिक्षा विभाग से जुड़े जानकार बताते हैं कि शिक्षा विभाग ने अध्यापक संवर्ग के लिए ऑनलाइन हाजिरी (ई-अटेंडेंस) अनिवार्य कर रखी है। अगर शिक्षक ई-अटेंडेंस नहीं लगाते हैं तो उनका वेतन भी रुक सकता है। हालांकि यह मामला अब राज्यव्यापी हो चुका है तो सीधे सरकार का हस्तक्षेप हो सकता है। अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष पाटीदार इस मामले में सरकार से बात कर चुके हैं, लेकिन स्वीकृति नहीं मिली। इसके बाद अब आंदोलन का रास्ता अख्तियार किया गया है।

**तकनीकी खामियों का जिक्र**

एक तरफ शिक्षक ई-अटेंडेंस को प्रतिष्ठा का विषय बना चुके हैं, वहीं दूसरी ओर तकनीकी खामियों का भी जिक्र कर रहे हैं। उनका कहना है कि ग्रामीण क्षेत्र में ई-अटेंडेंस लगाने में नेटवर्क सहित तमाम दिक्कतें आती हैं। इस पर सरकार का तर्क है कि गांव-गांव मोबाइल नेटवर्क पहुंच चुका है।

वहीं ई-अटेंडेंस देने के लिए एप को इस तरह डिजाइन किया गया है, ताकि इन समस्याओं का सामना ही न करना पड़े।

## शीतला माता मंदिर क्षेत्र के रहवासी कचरे से परेशान

**गुना।** शहर के कर्नलगंज को जोड़ने वाली पुलिया और प्रसिद्ध शीतला माता मंदिर क्षेत्र इन दिनों गंदगी और अव्यवस्था का केंद्र बना हुआ है। मंदिर मार्ग पर कचरे के ढेर लगने के कारण स्थानीय रहवासियों का जीना मुहाल हो गया है, वहीं दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को भी भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। शीतला माता मंदिर क्षेत्र में प्रतिदिन बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष माता पूजन के लिए पहुँचते हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पवित्र स्थल के समीप इस तरह के कचरे के ढेर न केवल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं, बल्कि यह धार्मिक भावनाओं को भी आहत कर रहे हैं।



## रोमांचक फाइनल में बिलासपुर को हराकर लखनऊ बना चैंपियन

**गुना।** शहर के संजय स्टेडियम खेल मैदान पर 9 साल के लंबे अंतराल बाद आयोजित अखिल भारतीय लाल बहादुर शास्त्री हॉकी स्वर्ण कप के 38वें संस्करण का रविवार को समापन हो गया है। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रोमांच से भरपूर रहा और लखनऊ की टीम ने कड़े संघर्ष के बाद बिलासपुर को 1-0 से शिकस्त देकर विजेता की ट्रॉफी अपने नाम कर ली है। फाइनल मैच की शुरूआत से ही दोनों टीमों के बीच जबरदस्त जद्दोजहद देखने को मिली। दोपहर की तीखी धूप भी दर्शकों के उत्साह को कम नहीं कर सकी, बड़ी संख्या में खेल प्रेमी स्टेडियम पहुंचे और सिर पर रुमाल रखकर मैच का लुत्फ उठाया। अंततः लखनऊ ने एक निर्णायक गोल दागकर मैच और खिताब दोनों जीत लिए। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह सिसौदिया ने सफल आयोजन के लिए नगरपालिका की सराहना की। सिसौदिया ने इस आयोजन को संभव बनाने के लिए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और नगरपालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता का विशेष आभार व्यक्त किया। सिसौदिया ने बचपन की यादें साझा करते हुए कहा कि एक दौर था जब शास्त्री कप का आयोजन हजारों दर्शकों की मौजूदगी में होता था, और आज 9 साल बाद वही दृश्य दोबारा देखना टूर्नामेंट की बड़ी सफलता है। उन्होंने अगले वर्ष देश की अन्य प्रतिष्ठित टीमों को भी इस आयोजन में शामिल करने की इच्छा जताई। भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार ने भी संबोधित किया। बता दें कि 2 फरवरी से शुरू हुई इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर की 18 जानी-मानी टीमों ने शिरकत की और टूर्नामेंट के दौरान कई रोमांचक मुकाबले खेले गए।

## भिलाला समाज संगठन के पटेलों की संयुक्त बैठक संपन्न

**नवभारत न्यूज**

**गुना।** समाज में बढ़ती कुरीतियों पर रोक लगाने हेतु भिलाला समाज गुना शिवपुरी श्योपुर राजस्थान के पटेलों की सयुक्त बैठक का आयोजन ग्राम बरखेड़ा तहसील बमौरी हुई। बैठक में समाज में देजा दारू डीजे पर नियंत्रण को लेकर नियमावली बनाई गई एवं आगामी 22 फरवरी 2026 रविवार को निहालदेवी माता मंदिर पर भिलाला आदिवासी समाज के चार जिलों की संयुक्त महापंचायत करने का निर्णय गांव गांव से आए सभी पटेलों एवं आयोजन समिति द्वारा लिया गया। भिलाला समाज संगठन जिला गुना की कार्यकरणी का विस्तार किया गया जिसमें समाज की सर्व सहमति से भैरोसिंह रावत (सरपंच ग्राम पंचायत डोंगरी) को जिला अध्यक्ष एवं कार्यकारी जिला अध्यक्ष भगवान सिंह भिलाला किशनपुरा को बनाए जाने पर खुशी जाहिर की है।



## जीवन का अंतिम समय संतों के सान्निध्य में बीते, मुनि श्री सुदत्त सागर जी ने दिया आत्मशुद्धि का संदेश

**नवभारत न्यूज**

**गुना।** मनुष्य को जीवन भर परिवार और समाज के लिए पुरुषार्थ करने के साथ-साथ अपनी आत्मा के शुद्धिकरण पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए। आदर्श स्थिति वही है जब जीवन का अंतिम समय परिवार के प्रेम और संतों के पावन सान्निध्य में व्यतीत हो। यह प्रेरक विचार मुनि श्री 108 सुदत्त सागर जी महाराज ने स्थानीय जैन मंदिर में आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। मुनि श्री ने अपने प्रवचन में आत्ममंथन पर जोर देते हुए कहा कि हम सांसारिक कर्तव्यों में इतने व्यस्त हो जाते हैं कि स्वयं की आत्मा को भूल जाते हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं को प्रेरित किया कि वे प्रतिदिन मंदिर में कम से कम 5 से 10 मिनट शांत भाव से बैठें और अंतर्मन से परमात्मा का ध्यान करें। उन्होंने कहा कि नियमित ध्यान, साधना और संयम ही आत्मा की शांति और सिद्धि के एकमात्र मार्ग हैं। समाज में बढ़ते वैमनस्य पर चिंता जताते हुए मुनि श्री ने एकता और सद्भाव के साथ रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को अपने कर्म ऐसे रखने चाहिए कि उसके जाने के बाद भी कोई उसे बुरा न कह सके।

## रेत का अवैध परिवहन कर रहे 6 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त



**गुना।** जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण करने वाले माफियाओं के विरुद्ध जिला प्रशासन ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देश पर रविवार को खनिज विभाग की टीम ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आकस्मिक छापामार कार्रवाई करते हुए खनिज का अवैध परिवहन और भंडारण कर रहे 6 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त किया है। यह कार्रवाई जिला खनिज अधिकारी सचिन वर्मा के नेतृत्व में गठित दल द्वारा गुना शहर और आरोन तहसील में अंजाम दी गई, जिससे अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। विभागीय जानकारी के अनुसार, खनिज अधिकारी सचिन वर्मा की टीम ने भ्रमण के दौरान आरोन में 4 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को बिना किसी अनुमति और बिना रॉयल्टी के 'एम-सेंड' (रेत) का भंडारण एवं विक्रय करते हुए रंगे हाथों पकड़ा। इसी प्रकार, गुना शहर के नानाखेड़ी क्षेत्र में भी टीम ने दबिश दी, जहाँ बिना अनुमति के भसुआ (मिट्टी/रेत मिश्रण) के भंडारण में लिप्त 2 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को पकड़ा गया। वाहनों को कलेक्ट्रेट परिसर में खड़ा किया।

## चलती ट्रॉली से सोयाबीन चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़



**नवभारत न्यूज**

**गुना।** शहर में अनाज चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे अब गोदामों से प्लांट जा रहे माल को चलती ट्रॉली से उड़ाने लगे हैं। हालांकि, इस बार व्यापारियों की सतर्कता उन पर भारी पड़ गई। कैंट थाना क्षेत्र के अंतर्गत दो खंभा इलाके में एक व्यापारी ने अपनी सूझबूझ से चलती ट्रॉली से सोयाबीन की बोरी चोरी करते हुए एक बदमाश को रंगे हाथों पकड़ लिया, जबकि उसका एक साथी मौके से फरार होने में कामयाब रहा। बदमाश इतने शातिर थे कि वे फिल्दी अंदाज में चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे थे।

जानकारी के मुताबिक व्यापारी अनिल सिंह तोमर का अनाज मंडी स्थित गोदाम से सोयाबीन भरकर ट्रैक्टर-ट्रॉली प्लांट के लिए रवाना हुई थी। पिछले अनुभवों को देखते हुए इस बार व्यापारी का एक कर्मचारी गुप्त रूप से ट्रैक्टर के पीछे चल रहा था। दो खंभा क्षेत्र के पास बाइक सवार दो संदिग्ध युवक ट्रॉली के साथ-साथ चलने लगे। कर्मचारी उनके इरादे भांप गया था, लेकिन उसने सही वक्त का इंतजार किया। जैसे ही ट्रैक्टर की रफ्तार धीमी हुई, बाइक पर पीछे बैठे बदमाश ने चलती ट्रॉली से सोयाबीन की एक बोरी उतार ली। जैसे ही आरोपी बोरी लेकर भागने की फिराक में था, पीछे से आ रहे प्रतिनिधि ने उसे दबोच लिया। पकड़े जाने के डर से बाइक चला रहा उसका साथी मोटरसाइकिल लेकर जंगल की ओर फरार हो गया। सूचना मिलते ही व्यापारी अनिल सिंह तोमर भी मौके पर पहुँच गए और पकड़े गए आरोपी को अपनी कार में बैठाकर सीधे कैंट थाने ले गए और पुलिस के हवाले कर दिया।

**पहले भी कर चुका है वारदात**

पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम रानू पुत्र रामकिशन नरवरिया, निवासी छोटू खजूरी बताया है। व्यापारी के अनुसार, लगभग तीन दिन पहले भी यूपी ढाबे के पास उनके ट्रैक्टर से इसी तरह एक बोरी चोरी हो गई थी।

आरोपियों का चोरी करने का तरीका काफी शातिर और अनोखा है, जो चलती गाड़ियों को निशाना बनाते हैं। व्यापारी अनिल सिंह तोमर ने कैंट थाने में लिखित आवेदन देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की मांग की है। पुलिस अब फरार साथी की तलाश और इस गिरोह द्वारा पहले की गई चोरियों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

## नानाजी की पुण्यतिथि पर युवाओं ने किया 21 यूनिट रक्तदान




**गुना।** वैश्य महासम्मेलन के संस्थापक स्वर्गीय श्री नारायण प्रसाद जी गुप्त 'नानाजी' की पुण्यतिथि के अवसर पर प्रदेशव्यापी अभियान के तहत गुना में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में युवा इकाई द्वारा स्थानीय शिवा ब्लड बैंक पर आयोजित इस शिविर में वैश्य समाज के युवाओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी करते हुए लक्ष्य के अनुरूप 21 यूनिट रक्तदान किया। शिविर को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रक्त एक ऐसी अनमोल वस्तु है जिसे न तो बाजार से खरीदा जा सकता है और न ही प्रयोगशाला में कृत्रिम रूप से बनाया जा सकता है। यह केवल मानवीय दान के माध्यम से ही प्राप्त होता है जो संकट के समय किसी का जीवन बचाने में निर्णायक सिद्ध होता है। इस अवसर पर उन्होंने प्रेरक पंक्तियों के माध्यम से युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा— 'रक्तदान कर रोक लो, मरणासन्न की मौत; घर-घर में जलती रहे, सबकी जीवन ज्योत। इस मानवीय कार्य के दौरान जिला प्रभारी इंजीनियर डी.एन. नीखरा, युवा इकाई संभागीय अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, जिला अध्यक्ष नवल सोनी, जिला महामंत्री मयंक विजयवर्गीय, जिला उपाध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल, वरुण अग्रवाल, चंचल सोनी और प्रशांत श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में समाज बंधु उपस्थित रहे।

## उत्कृष्ट और मॉडल स्कूलों में प्रवेश के लिए दिखा उत्साह

**गुना।** जिले के प्रतिष्ठित शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, मॉडल स्कूल और सर्वोदय विद्यालयों की कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए रविवार को संयुक्त चयन परीक्षा का आयोजन किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर अवसरों की तलाश में जुटे जिले के छात्र-छात्राओं ने इस परीक्षा में भारी उत्साह दिखाया। प्रतियोगिता के स्तर का अंदाजा लगायाएं केवल उत्कृष्ट विद्यालय की 280 उपलब्ध सीटों के लिए अकेले 1300 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी है। गुना शहर में परीक्षा संपन्न कराने के लिए चार प्रमुख केंद्र बनाए गए थे, जिनमें शा. उत्कृष्ट विद्यालय, महारानी लक्ष्मीबाई कन्या विद्यालय और कैंट स्थित शासकीय कन्या व बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शामिल रहे।

**गहमागहमी** आधा दर्जन नेताओं ने की दावेदारी, भाजपा पर बरसे प्रदेश उपाध्यक्ष मदुरिया

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष चयन के लिए 'हाईलेवल' रायशुमारी

**नवभारत न्यूज**

**गुना 8 फर. का। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति (अजा) विभाग के नए जिलाध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर रविवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में गहमागहमी का माहौल रहा। संगठनात्मक गतिविधियों के तहत गुना प्रवास पर आए अजा विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष और जिला प्रभारी महेश मदुरिया ने एक महत्वपूर्ण बैठक ली। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य जिलाध्यक्ष पद के लिए योग्य उम्मीदवारों का पैनल तैयार करना और उनसे वन-टू-वन चर्चा कर बायोडाटा एकत्रित करना था।**



जिलाध्यक्ष पद की दौड़ में इस बार जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। संगठन में अपनी पैठ जमाने के लिए आधा दर्जन से ज्यादा प्रमुख नाम मजबूती के साथ सामने आए हैं। दावेदारी पेश करने वालों में मुख्य रूप से कन्हैयाराम अहिरवार, भगवानसिंह अहिरवार, बबलू जाटव, आर.के. दैलवार, राजकुमार वंशकार और बृजलाल जाटव ठेकेदार शामिल हैं। मदुरिया ने बताया कि इन सभी के बायोडाटा और फीडबैक के आधार पर अगला चरण भोपाल में संपन्न होगा, जहाँ अंतिम चयन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

**नौकरी और जातिवाद के मुद्दे पर सरकार को घेरा**

बैठक के दौरान महेश मदुरिया ने वर्तमान भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आज का पढ़ा-लिखा युवा नौकरी के लिए दर-दर भटक रहा है, लेकिन सरकार का ध्यान केवल लोगों को धर्म और जातियों के नाम पर लड़ाने में है। मदुरिया ने आरोप लगाया कि भाजपा समाज में वैमनस्य पैदा कर रही है, जबकि कांग्रेस एक निरपेक्ष दल है जो सभी धर्मों और वर्गों को बराबरी का स्थान देती है।

**निष्पक्ष चयन और संगठन की मजबूती पर जोर**

मदुरिया ने स्पष्ट किया कि प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, जिलाध्यक्ष जयवर्धन सिंह और अजा विभाग के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार के निर्देशानुसार चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष रखी गई है। उन्होंने कहा कि नियुक्ति के बाद एक ऐसी सक्रिय टीम गठित की जाएगी जो गांव-गांव और मोहल्ले-मोहल्ले जाकर कांग्रेस की विचारधारा का प्रचार-प्रसार करेगी।

प्रवास के दौरान मदुरिया ने जिले के वर्तमान व पूर्व विधायकों सहित वरिष्ठ नेताओं से भी मुलाकात कर संगठन की मजबूती के लिए रायशुमारी की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और अजा विभाग के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## बूढ़े बालाजी क्षेत्र में आज सोमवार को 4 घंटे बंद रहेगी बिजली

**गुना।** शहर के बूढ़े बालाजी विद्युत उपकेंद्र से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में सोमवार, 9 फरवरी को बिजली गुल रहेगी। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा आरडीएसएस योजना के अंतर्गत किए जा रहे महत्वपूर्ण विभागीय कार्यों के चलते यह कटौती की जा रही है। सहायक प्रबंधक (शहर विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड) द्वारा दी गई आधिकारिक जानकारी के अनुसार, 33/11 केवी बूढ़े बालाजी केंद्र पर मरम्मत और तकनीकी सुधार का कार्य किया जाना है, जिसके कारण सुबह 11:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक विद्युत प्रवाह पूरी तरह बाधित रहेगा। इस कटौती का असर शहर के एक बड़े हिस्से पर पड़ेगा, जिसमें मुख्य रूप से हनुमान टेकरी, शिवपुरम कॉलोनी, न्यू टेकरी रोड, बूढ़े बालाजी, पुरानी छावनी, सकतपुर रोड और हरिपुर रोड शामिल हैं। इसके साथ ही सरस्वती विहार कॉलोनी, पवन कॉलोनी, हाउसिंग बोर्ड और मुक्तिधाम के आसपास के क्षेत्रों में भी उपभोक्ताओं को चार घंटे तक बिना बिजली के रहना होगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि कार्य की जटिलता और आवश्यकता के अनुसार इस समय सीमा को घटाया या बढ़ाया भी जा सकता है।

## चांचौड़ा उपजेल में कैदियों की बर्बरता का वीडियो वायरल
## उप जेलर पर मारपीट और अवैध वसूली का आरोप



**नवभारत न्यूज**

**गुना।** जिले की चाचौड़ा उपजेल के भीतर कैदियों के साथ अमानवीय व्यवहार का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें उपजेलर यूएस मोहाने कथित तौर पर कैदियों को पेड़ से लिपटाकर डंडे से पीटते हुए दिखाई दे रहे हैं। हालांकि यह वीडियो करीब छह माह पुराना बताया जा रहा है, लेकिन वर्तमान में इसके सार्वजनिक होने के बाद जेल प्रशासन और जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया है।

सूत्रों के अनुसार, जेल में बंद कैदियों के परिजनों से सुविधाओं के बदले अवैध वसूली और पैसों की मांग की शिकायतें लंबे समय से मिल रही थीं, जिन्हें अब इस वायरल वीडियो से बल मिला है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जब मीडिया की टीम जमीनी हकीकत जानने चाचौड़ा उपजेल पहुँची, तो वहां सन्नाटा पसरा मिला। चौंकाने वाली बात यह रही कि आरोपी उपजेलर यू.एस. मोहाने पिछले तीन-चार दिनों से अपनी ड्यूटी से नदारद हैं और वर्तमान में अवकाश पर बताए जा रहे हैं। जेल के अन्य प्रभारी अधिकारी भी इस मामले में मीडिया के सवालों से बचते नजर आए, जिससे संदेह और गहरा गया है। जेल के भीतर हुई इस कथित मारपीट ने न केवल मानवाधिकारों के उल्लंघन की ओर इशारा किया है, बल्कि जेल की सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं कि आखिर प्रतिबंधित क्षेत्र के भीतर मोबाइल कैसे पहुँचा और यह वीडियो किसने बनाया।

**एसडीएम बोले-जांच कराएंगे**

इस पूरे प्रकरण पर चाचौड़ा एसडीएम रवि मालवीय ने आधिकारिक बयान देते हुए कहा कि तीन दिन पूर्व मीडिया के माध्यम से उन्हें इस वायरल वीडियो की जानकारी प्राप्त हुई थी। उन्होंने बताया कि वीडियो की प्रमाणिकता और घटना के सही समय की जांच के लिए इसे वरिष्ठ अधिकारियों को भेज दिया गया है। साथ ही, सब-जेलर की भूमिका की विस्तृत जांच के लिए वरिष्ठ कार्यालय को लिखित सूचना दे दी गई है। एसडीएम ने स्पष्ट किया है कि जांच रिपोर्ट आने और वरिष्ठ कार्यालय से दिशा-निर्देश प्राप्त होते ही संबंधित अधिकारी के खिलाफ कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। फिलहाल आरोपी अधिकारी के छुट्टी पर होने के कारण प्रशासन उनकी वापसी और रिपोर्ट का इंतजार कर रहा है।